## लूट की सूचना पर दौड़ी पुलिस, मामला मारपीट का निकला

**जहानाबाद, अमृत विचार :** कार सवार से हाइवे पर लूट की सूचना से पुलिस विभाग में खलबली मच गई। पुलिस ने जांच की तो मामला मारपीट का निकला। फिलहाल पुलिस को तहरीर देकर पीड़ित दिल्ली चला गया।

जहानाबाद के मोहल्ला काजीटोला का नदीम खां पिछले काफी समय से दिल्ली में रहकर टैक्सी चलाते है। इसी सप्ताह उनके पिता का निधन हो गया था। इस पर वह घर आए थे और यही रुके थे। मंगलवार सुबह करीब 11 बजे वह कार ले दिल्ली जा रहे थे। ग्राम कुकरीखेडा के पास कार के आगे कुत्ता आ गया। इस दौरान कुछ लोगों से उनकी कहासुनी हो गई। जिसमे लोगों ने उनकी पिटाई कर दी। इसके बाद कार सवार ने बीस हजार रूपये और मोबाइल लूटने की सूचना पुलिस को दी। दिनदहाड़े लूट की सूचना पर हड़कंप मच गया। जहानाबाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की तो मामला मारपीट का निकला। पीड़ित ने घबराहट में लूट की सूचना देने की बात कही। बाद में मारपीट की तहरीर पुलिस को देकर दिल्ली रवाना हो गया। इंस्पेक्टर मुकेश शुक्ला ने बताया कि मामला लूट का नहीं था।

# गर्मी में गर्माया एसी-कूलर का कारोबार... अच्छे कारोबार की आस

## तराई में लगातार बढ़ रहा पारा, कूलर और पंखे के दामों में बीस, एसी के पंद्रह फीसदी दाम बढ़ने पर भी खूब हो रही बिक्री

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी में तापमान के साथ कूलर-पंखे एवं एसी के बाजार में तेजी आई है। जिन उत्पादों की बिक्री जून के महीने में होती थी, उनकी डिमांड मई में ही बढ़ चुकी है। बढ़े तापमान और फाइनेंस की सुविधा होने से इस बार कूलरों के साथ एसी की भी बंपर बिक्री हो रही है। वहीं दामों की बात करें तो पिछती वर्ष की तुलना में इस बार कूलर-पंखे के दामों में 20 फीसदी, जबकि एसी के दामों में 15 फीसदी बढ़ोत्तरी देखी जा रही है। फिलहाल मई के महीने में जिस तरह से तापमान बढ़ रहा है, उससे इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद बेचने वाले कारोबारी कूलर, एसी आदि की डिमांड बढ़ने की संभावना जता रहे हैं। वहीं देसी फ्रिज कह जाने वाले मटकों का चलन भी इस बार बढ़ता दिखाई दे रहा है।

तराई के इस जिले में पिछले सालों में वैशाख के महीने में गर्मी की ठीकठाक शुरुआत मानी जाती थी, लेकिन इस बार वैशाख के महीने में ऐसा पहली बार है कि जिले में तापमान 40 और 41 डिग्री तक पहुंच रहा है। मौसम विशेषज्ञ आने वाले दिनों में और अधिक तापमान बढ़ने की संभावना जता रहा है। इधर, शहर की बात करें तो करीब 50 इलेक्ट्रॉनिक की दुकानें हैं। जहां एसी कूलर, पंखे, फ्रिज आदि इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों की बिक्री होती है। कारोबारियों की मानें तो इस बार कूलर की तरह एसी की डिमांड बढ़ रही है। सबसे ज्यादा लोग एक टन से लेकर डेढ़ टन का एसी की खरीदारी कर रहे है। कुछ दुकानों पर तो रोजाना ही दो से तीन एसी की बिक्री हो रही है। एक टन का एसी 29 हजार रुपये से 35 हजार रुपये तक की कीमत में है। मध्यमवर्गीय परिवार के लिए कूलर ही बेहतर विकल्प साबित होता है। मीडियम कूलर और साइलेंट कूलर की डिमांड बाजार में अधिक देखी जा रही है। कूलर के दामों की बात करें तो बाजार में 2500 रुपए से लेकर 20 हजार रुपए कीमत के कूलर उपलब्ध हैं। बढ़ती गर्मी को देखते हुए घरों में फ्रिज की डिमांड भी बढ़ी है। कारोबारियों की मानें तो जिस तरह से तापमान बढ़ रहा है ऐसे में यह कारोबार अगले माह और ऊंचाइयों पर जा सकता है।


शहर के एक इलेक्ट्रॉनिक शोरूम बिक्री के लिए रखे कूलर व पंखे। • अमृत विचार


राहगीरों को शर्बत पिलाते कार्यकर्ता। • अमृत विचार

### जगह-जगह खुली ठंडे पेय पदार्थों की दुकानें

लोगों को गर्मी से राहत दिलाने के लिए शहर में जगह-जगह ठंडे पेय पदार्थों की दुकानें भी खुल गई हैं। शहर के प्रमुख मार्गों और बाजार में खुली लस्सी, कोल्ड ड्रिंक और गन्ने के रस की दुकानें लोगों को राहत पहुंचा रही हैं। शीतल पेय पदार्थ बेचने वालों ने बताया कि पखवाड़ा भर से अचानक गर्मी बढ़ गई है। ऐसे में लोग गर्मी से निजात पाने के लिए ठंडे पेय पदार्थों का सहारा ले रहे हैं।

### एग्जास्ट फैन व पंखे के दाम भी बढ़े

एसी, कूलर और फ्रिज के अलावा इस बार गर्मी में पंखे और एग्जास्ट फैन की कीमतें भी बढ़ी हैं। जो पंखा दो हजार का था वह इस बार 2200 से 2300 रुपए में बिक रहा है। एग्जास्ट फैन की डिमांड भी बढ़ती दिखाई दे रही है। ऐसे में इसके दामों में बढ़ोतरी देखी जा रही है। बाजार में इस बार 1500 से 4000 रुपए के एग्जास्ट फैन बिक रहे हैं। पिछले साल की तुलना में इस बार इनके दामों में भी 100 से 200 रुपए की बढ़ोत्तरी होना बताया जा रहा है।

### चिलचिलाती गर्मी में जल वितरण से राहगीरों को मिली राहत

पीलीभीत। गर्मी बढ़ने के साथ ही शहर में जगह-जगह प्याऊ लगाने का सिलसिला भी शुरू हो गया है। मंगलवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से शहर के डिग्री कॉलेज चौराहा पर जल पायो वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान राहगीरों का शर्बत बांटा गया। इस दौरान जिला प्रचारक दुष्यंत, नगर विद्यार्थी प्रमुख हिमांशु कनौजिया, नगर सुरक्षा प्रमुख विश्व हिंदू परिषद आदित्य राना, बजरंग दल संयोजक अमित गुप्ता, शिवम कश्यप, शोभित, आकाश, विकास प्रजापति, करण तिवारी, आदित्य राणा, अजय राज, गौरव कनौजिया, अंकित, विहिप के जिला सह मंत्री प्रवीन मोहन, नगराध्यक्ष महेश पाठक, लकी वाल्मीकि आदि मौजूद रहे।

पिछले साल की तुलना में इस बार गर्मी में एसी-कूलर की डिमांड बढ़ी है। खासकर एसी की बिक्री ज्यादा हो रही है। इसकी वजह यह है कि एक तो शहर में बिजली ठीकठाक मिल रही है, वहीं एसी की खरीदारी में फाइनेंस की सुविधा भी है। इसके अलावा अन्य उत्पादों की बिक्री में बढ़ोत्तरी हो रही है।


– संदीप अग्रवाल, कारोबारी

इस बार तापमान तेजी से बढ़ा है। गर्मी अधिक पड़ने से एसी, कूलर, फ्रिज की डिमांड पिछले साल की अपेक्षा ज्यादा बढ़ी है। खास बात यह है कि इन सभी के दामों में पिछले के मुकाबले अच्छी खासी बढ़ोत्तरी हुई है, इसके बावजूद डिमांड बढ़ती जा रही है। उम्मीद है कि आने वाले दिनों में कारोबार और भी बेहतर होगा।


-अफरोज जिलानी, कारोबारी

### कूलर के दाम बढ़े और ग्राहकों की संख्या भी

बढ़ते तापमान और महंगाई के बावजूद गर्मी से निजात दिलाने पर इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों की बिक्री में खासा उछाल देखा जा रहा है। कारोबारियों के मुताबिक पिछले साल की तुलना में इस बार 15 से 20 फीसदी की बढ़ोत्तरी हुई है। कूलर और पंखों के दामों में 20 फीसदी से अधिक बढ़ोत्तरी हुई है, जबकि एसी के दामों में 10 फीसदी से अधिक की बढ़ोत्तरी हुई है। स्थानीय स्तर पर कूलर बनाने वालों के मुताबिक कूलर बनाने का सामान महंगा होने के कारण इसके दाम बढ़े हैं। फिर भी एसी पंखा के मुकाबले कूलर की मांग पिछले साल की अपेक्षा काफी अधिक है।

# बिना अनुमति काट दिया अर्जुन का पेड़

संवाददाता, बिठौराकलां

- गांव बिठौराकला का मामला वन दरोगा ने मौके पर पहुंचकर शुरू की जांच

**अमृत विचार:** किसान की गैरमौजूदगी में बिना परमिट ठेकेदार ने साढ़े तीन दशक पुराना अर्जुन का पेड़ कटवाना शुरू कर दिया। इसकी सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है।

सदर तहसील क्षेत्र के गांव बिठौराकला में बिना परमिट हरा भरा अर्जुन का पेड़ किसान की गैर मौजूदगी में काटना शुरू कर दिया। ग्रामीण कौशल कुमार के खेत में करीब साढ़े तीन दशक पुराना पेड़ था। बताते हैं कि सोमवार को इसकी बिक्री की बात हुई और फिर मंगलवार सुबह से ही श्रमिक लगाकर पेड़ की कटाई शुरू करा दी गई। ग्रामीण कौशल कुमार जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचे और विरोध किया। इसकी सूचना मिलने पर वन दरोगा शेर सिंह मौके पर पहुंचे और जानकारी की। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।


मौके पर जांच करते वनकर्मी। • अमृत विचार

### उड़रा से बिरहनी तक चल रहा कटान

अमरिया, अमृत विचार : तहसील क्षेत्र में शीशम के हरे-भरे पेड़ धड़ल्ले से काटे जा रहे हैं। ग्राम पंचायत उड़रा से लेकर बिरहनी तक सरकारी जमीनों पर शीशम और सेमल के पेड़ों का कटान कर दिया गया। ग्रामीणों ने इसे अवैध कटान बताया है। साठगांठ के भी आरोप लगाए। उधर, वन दरोगा सोनी सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## लापता युवक का शव अप्सरा नदी में मिला पोस्टमार्टम को भेजा

**जहानाबाद , अमृत विचार:** संदिग्ध हालात में एक युवक की मौत हो गई। उसका शव अप्सरा नदी में मिला। पुलिस शव पोस्टमार्टम को भेज जांच में जुट गई है। बरेली जनपद के थाना नबावगंज क्षेत्र के गांव नगर गौटिया के रहने वाले थान सिंह का 18 वर्षीय पुत्र रूपेंद्र सिंह रविवार को अपने दोस्त वीरपाल के साथ घूमने जाने की बात कहकर घर से निकला था। इसके बाद से वह लापता हो गया था। सोमवार देर शाम उसका शव जहानाबाद क्षेत्र में खमरिया पुल गांव के पास अप्सरा नदी में उतराता मिला। कुछ ही देर में भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और जानकारी की । परिजन भी आ गए , उनका रोकर बुरा हाल रहा। इंस्पेक्टर मुकेश शुक्ला ने बताया कि शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। मौत की वजह स्पष्ट होने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। कोई तहरीर नहीं मिली है।

# हाय रे गर्मी...रात हो या दिन, तड़प रहे लोग

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- सोमवार रात तेज हवा के बाद कई इलाकों में गुल हुई बत्ती

**अमृत विचार :** शहर की बिजली व्यवस्था को सुधारने के लिए व्यापारियों ने सात दिन का अल्टीमेटम देते हुए विरोध प्रदर्शन किया। पावर कॉरपोरेशन के अधिकारियों की ओर से आश्वस्त भी कर दिया गया कि जल्द ही व्यवस्था बेहतर बना दी जाएगी। मगर, इस ज्ञापन और विरोध के चंद घंटे बाद ही सप्लाई लड़खड़ा गई और रोज की तरह उपभोक्ताओं को बिजली संकट से जूझना पड़ा। फाल्ट के चलते सोमवार देर रात तक बत्ती गुल रही और फिर दूसरे दिन मंगलवार सुबह से कई घंटे तक सुधार कार्य के नाम पर सप्लाई बाधित रही। गर्मी के बीच बत्ती गुल होने से आलम ये है कि न तो दिन में चैन है न ही रात को नींद पूरी हो पा रही है।

इस बार भी गर्मी की दस्तक के साथ ही बिजली की अघोषित कटौती की मार ने शहरवासियों को घेर लिया है। दिन-रात खराबी तो कभी सुधार कार्य के नाम पर बत्ती गुल हो जा रही है। जर्जर संसाधनों की वजह से अधिकारियों के दावे के मुताबिक सप्लाई नहीं हो पा रही है। सोमवार को दिन में कई बार बिजली की आंख मिचौली रही। रात करीब नौ बजे मौसम ने करवट ली और तेज हवा चली। करीब आधे घंटे चली तेज हवा ने ऐसी व्यवस्था बिगाड़ी की कई जगह फाल्ट हो गए और बत्ती तीन से चार घंटे के लिए गुल हो गई। फीडर ट्रिप होते ही आवास विकास, मोहतसिम खां, साहूकारा, आसफजान, रंगीलाल चौराहा, लाल रोड, मुख्य बाजार, गोपाल सिंह, बल्लभनगर कॉलोनी दुर्गा प्रसाद समेत कई इलाकों की बत्ती गुल हो गई। हालांकि हवा चलते ही लोगों को बिजली संकट का आभास पहले ही हो चुका था। उपाधि कॉलेज मार्ग पर ट्रांसफार्मर में खराबी आ गई थी, उसे भी सुधारने को टीम लगा दी गई। यहां पर जंफर खराब हुआ था। मीना बाजार की तरफ एक फेस गुल रहा। जिसके बाद उसका सुधार किया गया। देर रात तक व्यवस्था गड़बड़ाई रही। दूधिया मंदिर फीडर से चूने वाली गली में सप्लाई बाधित रही। रात12 बजे के बाद सप्लाई चालू हो सकी। इसके बाद मंगलवार सुबह जब लोगों की आंख खुली तो फिर बिजली गुल थी। चावला चौराहा से होली चौराहा की तरफ की लाइट नहीं आ रही थी। अग्रवाल सभा, लाल रोड समेत आसपास के इलाके में भी घंटों बिजली गुल रही। इसकी सूचनाएं पावर कॉरपोरेशन के अधिकारियों को दी गई तो पता चला कि जर्जर पोल को हटवाकर नया पोल लगवाया जा रहा है। जिसके चलते सप्लाई बंद की गई है। सुबह दस बजे के आसपास सप्लाई चालू की जा सकी। इसके बाद भी बिजली की आंख मिचौली बनी रही।


उपाधि कॉलेज मार्ग पर फाल्ट ठीक करता कर्मचारी।


मीना बाजार के पास ट्रांसफार्मर चेक करता कर्मचारी।

## शासन से जर्जर बिजली लाइनों की मरम्मत को मिली मंजूरी

संवाददाता, बिलसंडा

**अमृत विचार :** बीसलपुर डिवीजन के बिलसंडा,दियोरिया,करेली और ईंटगांव बिजलीघर के उपभोक्ताओं के लिये अच्छी खबर आई। बिलसंडा बिजलीघर की दशकों पुरानी 33 हजार केवीए की बिजली लाइन की मरम्मत के बहुप्रतीक्षित काम को शासन से स्वीकृति मिलने के बाद रविवार से काम भी शुरू हो जाएगा।

इस दौरान हाईटेंशन की 26 किमी लाइन के मध्य जर्जर क्रासआर्म,तार बदले जाएंगे।करीब 200 नए पोल लगाकर लाइन लॉस दूर किया जाएगा। 100 मीटर की दूरी होने पर नए पोल लगेंगे।सबसे बड़ा काम हाईवे पर मानपुर व रेलवे लाइन के मध्य अंडरग्राउंड एचटी लाइन को निकालना है। इन दो स्थानों पर चारों तरफ से लाइन एक दूसरे को क्रॉस करती हैं। सुरक्षा की दृष्टि से जब भी एक बिजलीघर की लाइन ब्रेक डाउन होने के बाद काम करना होता है, तो बाकी तीन बिजलीघर भी बंद कराने पड़ते हैं।जेई हरिशंकर ने बताया कि रविवार से काम शुरू होगा। पहले दिन तीन किमी के उस एरिया में काम शुरू करेंगे, जहां फाल्ट सबसे अधिक होते हैं। बेहतर बिजली के लिये ये जरूरी काम है। आये दिन अक्सर बीसलपुर चीनी मिल के आसपास किसी भी खराबी को ठीक करने से पहले बिलसंडा , दियोरिया व ईंटगांव की बिजली सप्लाई बंद कर दी जाती थी। जिससे उपभोक्ताओं को भीषण गर्मी में किल्लत झेलनी पड़ती थी। अब इससे छुटकारा मिलेगा।

# पूरनपुर पहुंची तेलंगाना पुलिस ने प्रेमी के साथ रह रही युवती के दर्ज किए बयान

संवाददाता, पूरनपुर

- एक महीने पहले पहुंची थी युवती तब से प्रेमी के साथ रह रही
- मोबाइल पर ऑनलाइन गेम खेलते शुरू हुई थी प्रेम कहानी

**अमृत विचारः** मोबाइल पर ऑनलाइन गेम खेलते खेलते तेलंगाना की एक युवती और पूरनपुर के युवक के बीच प्रेम कहानी शुरू हो गई। प्यार का परवान ऐसा चढ़ा कि एक महीने पहले युवती प्रेमी के घर पहुंच गई। इसकी जानकारी लगने पर तेलंगाना पुलिस भी पहुंच गई लेकिन युवती और उसका प्रेमी घर छोड़कर भाग चुके थे। एक महीने बाद तेलंगाना पुलिस फिर पूरनपुर पहुंची। उसने युवती के बयान दर्ज किए और वापस लौट गई।

कोतवाली क्षेत्र के गांव रमपुरा कपूरपुर का रहने वाला युवक कल्लू का मोबाइल पर गेम खेलने के दौरान तेलंगाना की एक युवती से कुछ महीने पहले संपर्क हो गया। दोनों की मोबाइल पर बातचीत होने लगी। रात-रातभर दोनों लोग बात करें। नजदीकियां इस कदर बढ़ी कि करीब एक महीने पहले युवती अपना घर परिवार छोड़कर कल्लू के घर पहुंच गई।

युवती को अचानक घर में देखकर परिजनों ने कल्लू से जानकारी की तो उसने पूरी कहानी परिजनों को बताई। युवती को ढूंढते हुए तेलंगाना पुलिस कल्लू के घर पहुंची थी। जानकारी होने पर कल्लू युवती को लेकर घर से भाग गया था। मंगलवार को तेलंगाना पुलिस फिर पूरनपुर पहुंची और उसने युवक और युवती को पकड़ लिया। पुलिस दोनों को पूरनपुर कोतवाली ले गई। युवक के परिजन भी कोतवाली पहुंच गए। युवती ने खुद को बालिग बताते हुए मर्जी से आने की बात कही।

उसने घर वापस न लौटकर युवक के साथ रहने की इच्छा जताई। इस पर तेलंगाना पुलिस ने युवती के बयान दर्ज किए और वापस लौट गई। कोतवाल संजीव कुमार शुक्ला ने बताया कि तेलंगाना में युवती के पिता ने घर से गायब होने पर गुमशुदगी दर्ज कराई थी। इस पर तेलंगाना पुलिस युवती के बयान दर्ज करने पहुंची। बयान लेने के बाद पुलिस वापस लौट गई है।

## नगर पंचायत के वरिष्ठ लिपिक को ब्रेन हेमरेज, बरेली में भर्ती

**बिलसंडा, अमृत विचार :** नगर पंचायत में तैनात वरिष्ठ लिपिक राजेश सक्सेना उर्फ गुड्डू को मंगलवार की सुबह अचानक ब्रेन हैमरेज का अटैक पड़ गया। इसे लेकर मंगलवार को होने वाली स्वच्छ भारत मिशन की बैठक भी स्थगित कर दी गई। पुत्र प्रशांत सक्सेना ने बताया कि रोज की तरह ही पिता राजेश सक्सेना सोकर उठे और नित्य क्रिया को चले गए। वापस आने पर उन्हें उलझन हुई,आंखों के सामने अंधेरा छाने लगा तो आनन फानन में नगर के एक अस्पताल ले जाया गया। जहां से फौरन बरेली रेफर कर दिया। चेयरमैन डीके गुप्ता, अटल सिंह, अवनीश जायसवाल, आशीष सक्सेना, अजय जायसवाल, विक्रम गंगवार ने उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की है।

# रोटरी क्लब ने साइकिल और व्हील चेयर बांटी


जरूरतमंद को व्हीलचेयर वितरित करते लोग। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** रोटरी ग्रेटर क्लब की ओर से मंगलवार को नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान साइकिल और व्हील चेयर का वितरण भी किया गया।

कार्यक्रम के प्रोग्राम डायरेक्टर विकास गर्ग, ऐनी गुंजन ने व्यवस्था संभाली। डॉ. विकास अग्रवाल ने बच्चों की आंखों की मशीन से जांच की। सही ढंग से पढ़ाई करने और डिजिटल उपकरणों का प्रयोग कम करने की सलाह दी । बताया कि आंखें मानव शरीर का अत्यंत महत्वपूर्ण अंग है। आंखों की स्वच्छता व देखरेख नियमित होनी चाहिए। पौष्टिक आहार लेने की सलाह दी। रोटरी ग्रेटर क्लब के अध्यक्ष दिनेश गुप्ता , सेक्रेटरी शैशव अग्रवाल , कोषाध्यक्ष प्रिंस अग्रवाल , डॉ. हेमन्त जगोता आदि की ओर से साइकिल और व्हील चेयर का वितरण किया गया। मीनाक्षी देवी , तान्या , शगुन राठौर , ज्योति , दीपक को साइकिल जबकि अश्वनी आनंद , प्रशांत शुक्ला को व्हील चेयर दी गई। इस मौके पर लीना गुप्ता , प्रिया जगोता , भावना अग्रवाल , सीमा अग्रवाल , श्वेता , रेनू अग्रवाल , अभिनव अग्रवाल , नीरज अग्रवाल , विकास अग्रवाल , संजीव अग्रवाल , नीतिश अग्रवाल , संजय जिंदल , राजीव अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## सहकारी विभाग ने पकड़िया मंगली साधन सहकारी समिति सील की

**बीसलपुर, अमृत विचार :** सहकारिता विभाग के सचिव की मृत्यु होने पर पकड़िया मंगली साधन सहकारी समिति को सोमवार की शाम सील कर दिया। सहकारिता विभाग के सहायक विकास अधिकारी लाल सिंह ने बताया कि पकड़िया मंगली साधन सहकारी समिति के सचिव विजय सिंह (59) काफी समय से बीमार चल रहे थे। उनकी रविवार की रात मृत्यु हो गई।य उच्च अधिकारियों के निर्देश पर समिति को सोमवार की शाम सील कर दिया गया है। जिला सहकारी बैंक के शाखा प्रबंधक राजकुमार, समिति के अध्यक्ष निरमेश भारती और संचालक मौजूद थे। सहायक विकास अधिकारी ने यह भी बताया कि बहुत जल्द समिति में दूसरे सचिव की नियुक्ति कर दी जाएगी । जिसके बाद सील खोल दी जाएगी।

लीपापोती | 80 लाख से सरोवर में होने हैं काम, मानसून से पहले निर्माण कार्य अधर में लटकना तय

# शिव सरोवर के कायाकल्प की सुस्त चाल, कैसे पूरा होगा काम

संवाददाता, बिलसंडा

**अमृत विचारः** छोटी काशी के रूप में प्रख्यात गांव लिलहर स्थित शिव सरोवर का कायाकल्प कार्य सुस्त गति से चल रहा है। मानसून नजदीक आ चुका है। मानसून से पहले काम पूरा होने की उम्मीद कम ही है। ऐसी स्थिति में निर्माण कार्य पूर्ण होने से पहले ही अधर में लटकना तय माना जा रहा है।

शासन से 80 लाख रुपये की धनराशि अवमुक्त हुए छह महीने से अधिक समय बीत चुका है। बीसलपुर विधायक विवेक वर्मा ने भूमि पूजन कराया। उसे भी कई माह बीत चुके हैं। मगर अभी तक निर्माण कार्य की धरातल पर ठीक से शुरुआत भी नहीं हो सकी है। शिव सरोवर के दक्षिणी छोर पर पिछले हफ्ते से 50 मीटर लंबाई में सीढ़ियां बनाने के लिए कार्य की शुरुआत हुई है। जिसमें 50 मीटर की लंबाई में सरोवर तक 12 सीढ़ियां बनाई जाएंगी। यह निर्माण कार्य बिजनौर के एक ठेकेदार द्वारा कराया जा रहा। उधर सरोवर की सिल्ट सफाई का कार्य भी अभी तक नहीं हो सका है। जबकि कई महीने पहले सरोवर के पानी को ट्यूबवेल लगाकर निकलवाया जा चुका है। लोगों का कहना है कि अगले माह मानसून आ जाएगा। ऐसे में जब सरोवर में जल भर जाएगा तो निश्चित रूप से कायाकल्प का काम रुक जाएगा। बता दें कि इससे पहले भी शासन से करीब 50 लाख रुपए स्वीकृत हुए थे, जिससे मंदिर परिसर में दो ओपन धर्मशाला और फर्श का निर्माण कराया जा चुका है।


गांव लिलहर स्थित शिव सरोवर में सीढ़ियां बनाने के लिए की गई खुदाई ।

### नीलध्वज ने कराया था सरोवर और मंदिर का निर्माण

प्राचीन शिव सरोवर और बाबा नीलकंठ मंदिर की दूर दूर तक ख्याति है। मान्यता है कि द्वापर में हुए राजा मोरध्वज के भाई नीलध्वज ने इस शिव सरोवर की खुदाई कराने के साथ ही भगवान नीलकंठ बाबा के मंदिर की स्थापना भी कराई थी। मानयता है कि सरोवर में स्नान मात्र से चर्म रोग दूर हो जाते हैं। इतना ही नहीं प्रत्येक अमावस्या पर यहां लगने वाले मेले में बड़ी संख्या श्रद्धालु पहुंचते हैं और आस्था की डुबकी लगाकर भगवान नीलकंठ बाबा के मंदिर में प्रसाद चढ़ा मनौतियां मांगते हैं।


गांव तिलहर के शिव सरोवर और बाबा नीलकंठ के प्राचीन मंदिर से लाखों श्रद्धालुओं की अटूट आस्था जुड़ी हुई है। जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते लोगों को यहां पर लेषमात्र भी सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। जो धनराशि कायाकल्प के लिए मिली है, उसका भी सही ढंग से उपयोग नहीं हो रहा। – धर्मपाल, ग्रामीण


50 लाख रुपये की लागत से मंदिर परिसर में सिर्फ दो ओपन धर्मशाला और फर्श का ही निर्माण हुआ । 80 लाख की लागत से सिर्फ 50 मीटर ही पक्की सीढ़ियां बनवाई जा रही हैं। मानसून आने में कुछ दिन बाकी है। अभी तक काम की शुरुआत भी नहीं हो सकी है। पता नहीं कब काम पूरा होगा। – अनिल कुमार, ग्रामीण

School Education
ADMISSION OPEN
For Advertisement Contact :
7906732664, 8445507002

EXCELLENT IAS ACADEMY
www.excellentias.org
विगत 14 वर्षों की सफलता के साथ.....सिविल सेवा परीक्षा के लिये समर्पित बरेली का सर्वोत्तम संस्थान
अजीत सिंह के निर्देशन में प्रयागराज व दिल्ली के विशेषज्ञों द्वारा संचालित
IAS/PCS
नये बैच शीघ्र प्रारम्भ
अब रामपुर गार्डन में
उपदेश कुमार (डिप्टी जेलर)
उत्तर प्रदेश पीसीएस परीक्षा 2023 में चयनित
7983948124, 9935264849
FULLY AC SMART CLASS ROOMS
L/2A35, रामपुर गार्डन, पतंजलि स्टोर के सामने, बरेली





## एक नजर

### घर के बाहर खड़े ग्रामीण को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

बरखेड़ा, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के गांव करनापुर के रहने वाले परमेश्वरी दयाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह 20 मई की रात नौ बजे घर के सामने खड़े थे। तभी गांव का ही रामआसरे अपने साथी ढाकनलाल और ओमप्रकाश के आकर गाली गलौज करने लगा। जब इसका विरोध किया तो हमला कर पिटाई कर दी। भीड़ जमा होने पर धमकी देकर भाग गए। इंस्पेक्टर अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### किशोरी को फुसलाकर ले जाने वाला गिरफ्तार

**बीसलपुर।** किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने वाला पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। ईदगाह चौराहा से धरपकड़ करने के बाद चालान कर कोर्ट में पेश करके जेल भेज दिया है। कोतवाली में दी गई तहरीर में क्षेत्र के एक व्यक्ति ने बताया था कि बरखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम पौटा खमरिया निवासी फुरकान का उसके घर आना जाना था। आरोपी 15 मई को नाबलिग पुत्री को बहला फुसलाकर ले गया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई में जुट गई थी। पुलिस ने मंगलवार को आरोपी फुरकान को ईदगाह चौराहे से गिरफ्तार कर लिया। कस्बा इंचार्ज मनोज कुमार ने बताया कि आरोपी को जेल भेज दिया है।

### बालाजी मंदिर पर हुआ भंडारा

**घुघचिहाई।** कस्बे के देवीस्थान पर स्थित बालाजी मंदिर पर मुख्य पुजारी पुत्तू लाल व अन्य सेवादारों की ओर से मंगलवार को भंडारे का आयोजन किया गया। दोपहर 12 बजे से भंडारा शुरू हुआ और देर शाम तक चला। बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। डीजे पर बाबा के भजनों पर भक्त जमकर थिरके। इस मौके पर लोकेश त्रिवेदी, अरविंद श्रीवास्तव, पोशाकी लाल, सूरज भारती, राम भरोसे शुक्ला, रामदास कारीगर, नन्हे मिश्रा आदि सेवाकार्य में लगे रहे।

### पीलीभीत-बीसलपुर हाईवे पर एनएचएआई की लापरवाही से गर्मी में पानी के लिए लोगों को जेब करनी पड़ रही ढीली

# इंडिया मार्का हैंडपंप उखाड़ दिए पर लगाने की सुधि नहीं ले रहे

संवाददाता, बरखेड़ा

**अमृत विचार:** एक तरफ दिनों दिन सूरज की बढ़ती तपिश के साथ गर्म हवाएं लोगों को झुलसा रही है। घर से बाहर निकलने में लोगों का पसीना छूट रहा है। इधर, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की ओर से हाईवे चौड़ीकरण के दौरान उखाड़े गए पंद्रह इंडिया मार्का हैंडपंपों को चार महीने बाद फिर से स्थापित न करने से राहगीरों की मुसीबत बढ़ गई है। भीषण गर्मी के बीच गला तर करने के लिए उनको जेब ढीली करनी पड़ रही है।

दुकानों से पानी की बोतल खरीदकर वह प्यास बुझाने को मजबूर हैं। इधर, कहा जा रहा है हैंडपंप उखाड़ने के बाद फिर से इनको स्थापित करने की जिम्मेदारी एनएचएआई की है। जिसकी लापरवाही का खामियाजा राहगीरों की भुगतना पड़ रहा है। ये दिक्कत और कितने दिन चलेगी। इसका सटीक जवाब जिम्मेदार नहीं दे पा रहे हैं। पीलीभीत -बीसलपुर मार्ग पर चौड़ीकरण का कार्य काफी समय से चल रहा है। बताया जाता है कि कस्बे में लगे करीब पंद्रह इंडिया मार्का हैंडपंप नेशनल हाईवे की जद में आने पर नगर पंचायत प्रशासन ने उखड़वा दिए गए थे। अब कस्बे में मुख्य मार्ग के दोनों तरफ अधिकांश जगह पर नाले का निर्माण पूरा भी हो चुका है।

कुछ ही कार्य शेष है। उसमें भी काम लगातार चल रह है। काफी हिस्से का मार्ग भी बन चुका है। मगर अभी तक इंडिया मार्का हैंडपंप नहीं लगवाने की जिम्मेदारों ने सुध नहीं ली। इधर,



कस्बा बरखेड़ा का मुख्य मार्ग कहीं भी इंडिया मार्का हैंडपंप नहीं। ● अमृत विचार



इन दिनों गर्मी अधिक पड़ रही है।ऐसे में पानी की व्यवस्था तो होनी चाहिए। दूर दराज से आने वाले लोगों को परेशान होना पड़ता है। जो नल उखड़वाए गए थे, उन्हें वापस स्थापित कराना चाहिए। – **मोहम्मद शाकिर**



पहले इंडिया मार्का हैंडपंप लगे हुए थे, तो काम से कस्बे में आने वाले राहगीरों को राहत थी। मगर गर्मी के बीच हैंडपंप न होने से पानी के लिए भी लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। समय के साथ ही पानी के लिए पैसे खर्च कर बोतल लेनी पड़ रही है। – **दिनेश गंगवार**



कस्बे की बाजार में दूर दराज से ग्रामीण आते हैं।गर्मी अधिक पड़ रही है।कहीं पीने के पानी का इंतजाम भी नहीं है।अक्सर लोग पहले नल की तलाश में भटकते हैं और फिर न मिलने पर उन्हें पानी की बोतल खरीदनी पड़ती है। – **प्रिंस भारद्वाज**

● **हाईवे चौड़ीकरण के दौरान चार माह पहले हटाए थे पंद्रह हैंडपंप**

इन दिनों भीषण गर्मी के बीच कस्बे की बाजार में दूर दराज के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचते भी है। मगर उन्हें पीने के लिए पानी भी खरीदना पड़ता है। पहले तो ग्रामीण नल तलाशने के लिए भटकते हैं और फिर जेब ढीली करनी पड़ रही है।



पहले इंडिया मार्का हैंडपंप मुख्य मार्ग पर लगे हुए थे। इनको चौड़ीकरण के दौरान हटा दिया गया। मगर अब तो काफी काम पूरा हो चुका है।ऐसे में नल दोबारा लगा दिए जाने चाहिए।या फिर राहगीरों के लिए पीने के पानी का कोई इंतजाम कराया जाए। – **वैभव गुप्ता**



कल सोमवार को ही एनएच के बरेली ऑफिस में अधिकारियों से मेरी वार्ता इस संबंध में हुई है। उनका कहना है।कि इस माह के अंत तक नगर पंचायत बरखेड़ा में नेशनल हाईवे के किनारे लगे इंडिया मार्का हैंडपंप जो बीते दिनों उखड़े गए थे।लगवा दिए जाएंगे। –**श्याम बिहारी भोजवाल**, चेयरमैन नगर पंचायत, बरखेड़ा

## दो दिन बाद दर्ज की गई गोकशी की एफआईआर

**पूरनपुर, अमृत विचार:** गोकशी के मामले में दो दिन बाद पुलिस ने कार्रवाई की। अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर पुलिस ने कुछ संदिग्ध हिरासत में लिए हैं। जिनसे पूछताछ चल रही है।

शेरपुरकलां रोड पर एक ईंट भट्टे के पास रविवार को खाली खेत में गोवंशीय पशुओं के अवशेष मिले थे। इसके बाद से क्षेत्र में गोमांस तस्करों के दोबारा सक्रिय होने का शोर मचा हुआ है। वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में तीन पशुओं के अवशेष होने की बात कही गई है। साथ ही पेड़ से बंधा एक जीवित गोवंश भी मिला था। पुलिस ने अवशेष कब्जे में लेकर जांच के लिए भेज दिए थे। मंगलवार को एसआई आकाश तेवतिया की ओर से इस मामले में अज्ञात के खिलाफ पशुवध अधिनियम के तहत एफआईआर की गई है।

# मुठभेड़ में दो शातिर लुटेरे गिरफ्तार, एक सिपाही को भी लगी गोली

### महिला से लूट समेत कई घटनाओं का पुलिस ने किया खुलासा, दोनों लुटेरों के पैर तो सिपाही रजत हाथ में गोली लगने से हुआ घायल

संवाददाता, बीसलपुर (पीलीभीत)

**अमृत विचार :** दिनदहाड़े बंद दुकान के बाहर बैठी महिला से लूट की वारदात को अंजाम देने वाले शातिर लुटेरे पुलिस के हत्थे चढ़ गए। मुठभेड़ के बाद पुलिस ने दोनों लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया। दोनों के पैर में गोली लगी। इस दौरान एक सिपाही भी लुटेरों की ओर से चलाई गई गोली हाथ में लगने से घायल हुआ। अस्पताल ले जाकर तीनों का इलाज कराया गया। मुठभेड़ की एक और एफआईआर दर्ज कर पकड़े गए लुटेरों को जेल भेज दिया है।

घटना 6 मई को हुई थी। अमरिया थाना क्षेत्र के करगैना -करगैनी के रहने वाले मोहम्मद मुशर्रफ उर्फ शानू पुत्र मोहम्मद अकरम परिवार के साथ रिश्तेदारी में लखीमपुर खीरी जनपद के मोहम्मदी इलाके में जा रहे थे। रासते में बीसलपुर में उनकी ईको कार खराब हो गई थी। वह परिवार की महिलाओं को बंद दुकान के बाहर सीढ़ियों पर छांव में बैठा खुद गैराज में कार ठीक कराने चले गए थे। उनकी पत्नी नाजिस बी बंद दुकान के बाहर बैठी हुई थी। इस दौरान बाइक सवार दो बदमाश आए और महिला का सोने का मांग टीका और झूमर लूट ले गए थे। अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस सुरागरसी में जुट गई थी। एसपी अविनाश पांडेय ने दो टीमों का गठन कर खुलासे का निर्देश दिया था। 21 मई की सुबह करीब चार बजे पुलिस को सूचना मिली कि लुटेरे बिलसंडा रोड पर कटना नदी के नीचे की तरफ हैं और वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। इस पर कोतवाल अशोक पाल, एसएसआई रणजीत सिंह, दरोगा मनोज कुमार, अनिल शर्मा, सिपाही रजत चौहान, परशुराम, चालक योगेंद्र सिंह ने बताए गए स्थान पर दबिश दी। पुलिस को देखते ही लुटेरों ने जानलेवा हमला करते हुए फायरिंग कर दी। जिसमें एक गोली सिपाही रजत चौहान के हाथ में लगी। जिसमें वह घायल हो गया। पुलिस ने भी अपनी तरफ से फायर किए और दोनों बदमाशों के पैर में गोली लगी और वह वहीं गिर गए। फिर पुलिस ने दोनों को पकड़ लिया। पूछने पर आरोपियों ने अपना नाम दियोरियाकलां कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पिपरिया संजरपुर का राम उर्फ रामू उर्फ रामचंद्र और श्याम उर्फ श्यामू बताया। इनके कब्जे से पुलिस ने दो तमंचे, चासर कारतूस, दो खोका कारतूस, एक बाइक, महिला से लूटा मांग टीका व झूमर बरामद किया है।



गोली लगने से जमीन पर गिरे आरोपी रामू को पकड़ता सिपाही।



गोली लगने के बाद जमीन पर गिरे आरोपी श्यामू को पकड़ती पुलिस।



घायल आरोपी रामू को ले जाती पुलिस।



घायल सिपाही रजत चौधरी।



लुटेरों को पकड़ना तो दूर सुराग भी नहीं लगा सकीं पुलिस की टीमें

प्रकाशित खबर ।

● **6 मई को आरोपियों ने बीसलपुर में महिला से दिनदहाड़े लूट की वारदात को दिया था अंजाम**

### 20 दिन पहले शाहजहांपुर से चोरी की बाइक से कई घटनाओं को दिया अंजाम

पकड़े गए आरोपियों के पास से पुलिस ने एक बाइक भी बरामद की है। पुलिस ने बाइक को लेकर पूछताछ की तो सामने आया कि ये बाइक भी चोरी की है। इस बाइक को आरोपियों ने 18-20 दिन पहले शाहजहांपुर जनपद के निगोही क्षेत्र से चोरी किया था। इसके बाद से चोरी की बाइक पर सवार होकर ही घटनाएं कर रहे थे।

### रामू और श्यामू सगे भाई, दोनों हिस्ट्रीशीटर, साथ करते थे अपराध

पकड़े गए लुटेरे रामू और श्यामू आपस में सगे भाई है। दोनों साथ मिलकर लूट, चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया करते थे। दोनों की क्षेत्र में अच्छी खासी दहशत भी बताई जाती है। जिसकी वजह से जल्द ही कोई इनके खिलाफ शिकायत करने को भी आगे नहीं आता था। सगे भाई होने के साथ ही दोनों दियोरियाकलां कोतवाली के हिस्ट्रीशीटर भी हैं।

### दोनों आरोपियों का आपराधिक इतिहास

पकड़े गए दोनों आरोपियों का आपराधिक इतिहास है। आरोपी राम उर्फ रामू पर 2020 से लेकर 2021 तक 10 मुकदमे है। जिसमें लूट, चोरी, आर्म्स एक्ट के साथ ही दुष्कर्म की भी एफआईआर है। इसके अलावा अभियुक्त श्याम उर्फ श्यामू पर 2021 से 2022 तक 09 मुकदमे हैं। जिसमें चोरी, लूट, आर्म्स एक्ट, जानलेवा हमला, दुष्कर्म के साथ ही गैंगस्टर एक्ट भी शामिल है। ये मुकदमे दियोरियाकलां, बरखेड़ा थाना क्षेत्र के अलावा बरेली के बारादरी थाने में दर्ज है।

क्षेत्र में पूर्व में हुई लूट की वारदात का खुलासा कर दिया गया है। मुठभेड़ के बाद दो शातिर लुटेरे गिरफ्तार किए गए थे। उनके पास से शाहजहांपुर से चोरी की गई बाइक भी मिली है। दोनों पैर में गोली लगी जबकि एक सिपाही भी गोली लगने से घायल हुआ। दोनों सगे भाई और शातिर अपराधी है।

– **अशोक पाल**, बीसलपुर कोतवाल

# ड्राय रन के माध्यम से ईटीपीबीएस की दी गई जानकारी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

● **इलेक्ट्रॉनिक वोटों की स्कैनिंग, काउंटिंग, डाटा ट्रांसफर प्रक्रिया से कराया अवगत**

● **लोकसभा चुनाव की मतगणना को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी आज करेंगे बैठक**

**अमृत विचार :** निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मतगणना को लेकर तैयारियां चल रहीं हैं। मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी में ईटीपीबीएस (इलेक्ट्रॉनिक ट्रांसमिटेड पोस्टल बैलेट सिस्टम) का ड्राय रन किया गया। इस दौरान नामित पर्यवेक्षकों ने ईटीपीबीएस के माध्यम से सर्विस वोटरों के प्राप्त मतों की अपलोडिंग एवं स्कैनिंग आदि की प्रक्रिया का बारीकि से परीक्षण किया।

पीलीभीत लोकसभा सीट पर 19 अप्रैल को मतदान संपन्न हुआ था। इसके बाद से लागतार प्रशासन अमला मतगणना की तैयारियों में व्यवस्त है। मतपेटियां स्ट्रांग रूम में रखी है। जिसका आला आधिकारियों की ओर से समय-समय पर निरीक्षण किया जा रहा है। अब चार जून को प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला होना है। लिहाजा, निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चार जून को होने वाली मतगणना को लेकर प्रशासनिक तैयारी तेजी से चल रही हैं। इसी क्रम में मंगलवार को एनआईसी में इलेक्ट्रॉनिक ट्रांसमिटेड पोस्टल बैलेट सिस्टम के लिए ड्राय रन (रिहर्सल) कराया गया ताकि चार जून को होने वाली मतगणना के दौरान कोई व्यवधान न उत्पन्न हो सके। किसी तहर की समस्या न होने इसनिए ड्राय रन के दौरान प्रशिक्षण लेने वाले पर्यवेक्षकों से कहा गया कि मतगणना वाले दिन पूरी तरह अलर्ट रहे।

आरओ प्रदीप कुमार की देखरेख में ड्राय रन प्रक्रिया संपन्न कराई गई। ड्राय रन प्रक्रिया को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा नामित पर्यवेक्षकों को बुलाया गया था। इस दौरान इलेक्ट्रॉनिक बैलेट पेपर की गिनती और इससे जुड़े अन्य सभी कार्यो का रिहर्सल किया गया। ड्राय रन के दौरान इलेक्ट्रॉनिक वोट की स्कैनिंग, काउंटिंग और इंटरनेट कनेक्टिविटी की मदद से उनका डाटा ट्रांसफर करने की प्रक्रिया का परीक्षण कराया। मतगणना के लिए सर्वर और साफ्टवेयर, कंप्यूटरों की हार्डडिस्क की मेमोरी की जांच की गई।

वहीं ड्राय रन में शामिल हुए पर्यवेक्षकों को बताया गया कि किस प्रकार ईटीपीबीएस से मतों को रिसीव करना है और कैसे उसकी स्कैनिंग की जाएगी और काउंटिंग के बाद कैसे उन्हें सहेजना है। इधर अब बुधवार को जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार सिंह राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे।

### पहले पोस्टल बैलेट की गणना, बाद में खुलेंगी ईवीएम

उपजिला निर्वाचन अधिकारी ऋतु पूनिया ने बताया कि मतगणना के लिए 14 एआरओ को लगाया गया है। उनको जिम्मेदारी की जानकारी दे दी गई है। अन्य तैयारियों को भी पूरा किया जा रहा है। मंडी समिति में मतगणना के दौरान पहले सुबह आठ बजे से पोस्टल बैलेट की गणना कराई जाएगी। इसके बाद साढ़े आठ बजे से ईवीएम को खोला जाएगा। पोस्टल बैलेट पीलीभीत के अलावा बहेड़ी विधानसभा के भी यहीं गिने जाएंगे।

## कोर्ट के आदेश पर दुष्कर्म और मारपीट की रिपोर्ट

**दियोरियाकलां, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र की एक महिला ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसके पति मजदूरी करने बाहर गए हुए थे। इस बीच गांव का ही कुंवरसेन 29 फरवरी की रात 11 बजे घर में घुस आया।

पीड़िता को बुरी नियत से पकड़ लिया और तमंचे के बल पर दुष्कर्म किया। कुछ देर बाद पीड़िता का देवर मौके पर आ गया। जिस पर आरोपी धमकी देते हुए भाग गया। देवर आरोपी के घर शिकायत करने पहुंचा तो कुंवरसेन का भाई देवदत्त,ननकू लाल, भतीजे शिवकुमार, दीपक , विप्लव ने गाली गलौज कर मारपीट की। जान से मारने की धमकी दी गई। उस वक्त कोतवाली और एसपी कार्यालय में शिकायत की लेकिन सुनवाई नहीं हुई। कोर्ट के आदेश पर अब आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# बाल विकास कार्यालय के स्टाफ की कराई जाए जांच



जिला कार्यक्रम अधिकारी को ज्ञापन सौंपते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को रामलीला मैदान में पहले पंचायत की और फिर विकास भवन में डीपीओ युगल किशोर सांगुड़ी को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया कि अमरिया क्षेत्र के कई ग्रामों में आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिका के चयन में बड़े पैमाने पर घोटाला किया गया। यहां पोषाहार भी नहीं बांटा गया। जब से अमरिया में बाल विकास कार्यालय खोला गया है, उसी समय से अब तक की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के अभिलेखों द्वारा वितरण किए गए पोषाहार व राशन की जांच की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में मुरलीधर कश्यप, पातीराम कश्यप, वीरेंद्र पाल आर्य, नंदलाल, मुन्नालाल आदि थे।

## दहेज की मांग पूरी न होने पर महिला को घर से निकाला

**बरखेड़ा, अमृत विचार:** ग्राम सिसैइया की रहने वाली कमला देवी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी डेढ़ साल पहले कस्बा बरखेड़ा के वार्ड नंबर दो के रहने वाले अन्नू से हुई थी। कुछ समय बाद से ही पति आए दिन मारपीट करता है। अतिरिक्त दहेज की मांग की जा रही है। पति बीते दिनों मजदूरी करने के लिए उत्तराखंड के हल्द्वानी गया था।

पीड़िता को भी साथ ले गया। आरोप है कि वहां भी प्रताड़ित किया। 20 मई की रात आठ बजे मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता ने कॉल कर पिता को हल्द्वानी बुलाया और उनके साथ मायके चली गई। इंस्पेक्टर अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

## परशुराम प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारी शुरू

**पीलीभीत, अमृत विचार :** अखिल भारतवर्षीय ब्राहमण महासभा की ओर से भगवान परशुराम प्राण प्रतिष्ठा समारोह प्राचीन गौरी शंकर मंदिर में आयोजित किया जाएगा।

युवा विंग के जिलाध्यक्ष पंडित आकाश पाराशर ने बताया कि 13 जुलाई को सुबह नौ बजे अग्नि स्थापन, जलाधिवास, धान्याधिवास फिर 14 जुलाई को घृताधिवास, महास्नसन, शैय्य्राधिवास फिर 15 जुलाई को न्यास, शक्ति संचार, नेत्रोन्मीलन, नगर भ्रमण, स्थापना, ब्राहमण भोज के साथ भंडारा कराया जाएगा। इसकी समस्त तैयारियां शुरू कर दी गई है। तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निमंत्रण भी भेजे जा रहे हैं।

# साहब! अपराध तीन लोगों ने किया, कार्रवाई एक पर हुई

संवाददाता, घुंघचिहाई

**अमृत विचार :** क्षेत्र के एक गुरुद्वारे के ग्रंथी की नाबालिग पुत्री का अपहरण करने के मामले में की गई पुलिस कार्रवाई पर सवाल उठाए गए हैं। सिर्फ एक आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज करने पर पीड़ित पक्ष असंतुष्ट है। आरोप है कि कोर्ट में पीड़िता ने जिन अन्य आरोपियों के नाम लिए थे, उन्हें पुलिस ने क्लीन चिट दे दी है। सिख संगत के तमाम लोगों ने मामले में आईजी से बरेली जाकर मुलाकात की और सख्त कार्रवाई की मांग की है।

आईजी से की गई शिकायत में बताया गया कि 24 अप्रैल को गांव के ही तीन युवक क्षेत्र के एक ग्रंथी की नाबालिग पुत्री का अपहरण कर कार से ले गए थे। जिनको ले जाते संगत के लोगों ने भी देखा था। तीनों आरोपियों के खिलाफ तहरीर थाना पुलिस को दी गई थी। जल्द बरामदगी न होने पर थाने में विरोध प्रदर्शन किया गया तब जाकर नाबालिग पुत्री को बरामद करते हुए पुलिस ने तीनों आरोपियों को पकड़ा था। पुलिस ने सिर्फ एक ही आरोपी सुमित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की जबकि पीड़िता किशोरी ने अन्य दोनों आरोपियों पर भी अपने साथ गलत कार्य करने का बयान दिया था। घुंघचिहाई पुलिस पर आरोप लगाया कि पुलिस ने दो आरोपियों को बचाने का काम किया है। आरोपी अब गांव में घूमकर ऐलानियां धमकी दे रहे हैं। मामले में अन्य दोनों आरोपियों पर भी कार्रवाई की मांग की गई।

## झोलाछाप पर रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग डीएम से शिकायत

**पूरनपुर , अमृत विचार :** सील किए गए क्लीनिक को खोलकर दवाएं निकालने का आरोप लगाते हुए झोलाछाप पर एफआईआर की मांग की गई है। डीएम से की गई शिकायत में विजय कुमार ने बताया कि गांव मुरादपुर माती में जुलाई 2023 में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अवैध क्लीनिक सील किया था। दो महीने बाद झोलाछाप ने क्लीनिक खोलकर उसमें रखी दवाएं निकाल ली। आरोप है सीएमओ के निर्देश के बाद भी सीएचसी अधीक्षक ने एफआईआर नहीं कराई। मामले में जांच कराकर कार्रवाई की मांग की। उधर, सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर अनिकेत गंगवार ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल कराई जा रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

समस्या

### भाकियू भानु की बैठक में उठा मुद्दा, वन्यजीवों का खतरा बता तार फेंसिंग कराने की मांग

# जंगल की नहीं तार फेंसिंग, किसानों की जान को खतरा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** भाकियू भानु की बैठक में किसानों से जुड़ी तमाम समस्याओं पर चर्चा की गई। मरौरी ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम मंगतपुर में जिलाध्यक्ष भजनलाल क्रोधी ने कहा कि मौजूदा समय में भारत का किसान परेशान है।

ऐसे में किसानों को एकजुट होने की जरूरत है। टाइगर रिजर्व के अलावा अभी कई स्थानों पर तार फेंसिंग नहीं है, जिससे ग्रामीणों के सामने वन्यजीवों का खतरा बना रहता है। जंगल के किनारे खुले होने के कारण अक्सर ही वन्यजीव बाहर निकल आते हैं,जिससे वन्यजीव और ग्रामीणों में टकराव भी होता है। तहसील अध्यक्ष नंद किशोर राठौर ने कार्यकर्ताओं को जानकारी दी कि संगठन का मरौरी ब्लाक अध्यक्ष रामचंद्र राजपूत को बनाया गया है। कहा कि मंगतपुर के ग्रामीण आवारा पशुओं एवं जंगली जानवरों के आतंक से परेशान हैं। रामगोपाल प्रजापति ने कहा कि मरौरी ब्लाक में जनता बाघ से परेशान हैं। किसानों को खेतों पर काम करने वाले लोगों को जान का खतरा है। जंगल की तार फेसिंग कराई जाए। रामचंद्र राजपूत ने कहा कि मरौरी बीडीओ की लापरवाही के चलते किसानों की विकास संबंधी शिकायतों का निस्तारण नहीं हो रहा है । इसका निस्तारण कराने के लिए जल्द अधिकारियों से मुलाकात की जाएगी। इस मौके पर नरेंद्र कुमार राठौर, सुखलाल गंगवार, रामप्रसाद, सुरेश कुमार , रामबहादुर , महेंद्र कश्यप , मनोहर लाल,सूरज प्रसाद, लीलाधर,भूपराम , दौलत सिंह ,रघुवर सिंह , रामकली, कलावती, रिंकी देवी, चमेली देवी आदि मौजूद रहे।



भाकियू भानु की बैठक में मौजूद कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

## अवैध रूप से सुड़कुआ तालाब पाटने की शिकायत

पूरनपुर, अमृत विचार : सुड़कुआ तालाब मिट्टी डालकर अवैध रूप से पाटा जा रहा है। कई बार शिकायत करने के बाद भी कार्रवाई नहीं हो सकी। अब एक बार फिर तालाब पाटने का सिलसिला शुरू हो गया। अवैध रूप से पटान करने का आरोप लगाते हुए शिकायत एसडीएम से की गई है। जिसमें बरसात के समय तालाब में जल भराव की स्थिति से आसपास की आबादी को परेशानी होने की बात कही गई है। तहसील क्षेत्र के गांव भैंसासुर के रहने वाले भाजपा नेता हरीबाबू पासवान ने एसडीएम को दिए शिकायती पत्र में बताया कि सुड़कुआ तालाब में अवैध रूप से मिट्टी डालकर कब्जा किया जा रहा है। पहले कई बार शिकायत की गई। जांच में आरोप सही पाए गए लेकिन गोलमाल के चलते कब्जा नहीं हटवाया गया। हाईवे के उत्तर दिशा में तालाब अवैध रूप से पाट कर उसका अस्तित्व खत्म कर दिया गया है। अब दक्षिण दिशा में कुछ भूमाफिया तालाब पर कब्जा करने में लगे हैं। सुड़कुआ तालाब के पाटने से बरसात के समय पानी निकास की समस्या हो सकती है। इससे आसपास की आबादी में बाढ़ की स्थिति बन जाएगी। उन्होंने एसडीएम से अवैध रूप से पाटे गए तालाब को कब्जा मुक्त करा कर जल संकट से बचाने की मांग की है।

# अब बाइफरकेशन में लोगों के जमावड़े पर लगेगी रोक

## क्रिटिकल हैबीटेट के चलते पीलीभीत टाइगर रिर्जव प्रशासन ने वन्यजीव हमले की जताई आशंका

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


बाइफरकेशन बैराज पर टहलते स्कूली बच्चे (फाइल फोटो)।

- पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर ने हेड वर्क्स खंड बाइफरकेशन के एक्सईएन को भेजा पत्र

अमृत विचारः गर्मी के सीजन में अधिकांश लोग गर्मी से निजात पाने को बाइफरकेशन बैराज पहुंचते हैं। शाम को यहां वाहनों की कतार लगने के साथ पर्यटकों समेत स्थानीय लोग सैर-सपाटा करते देखे जा सकते हैं, लेकिन अब यहां ऐसा नहीं चल सकेगा। पीटीआर प्रशासन ने क्षेत्र को वन्यजीवों का क्रिटिकल हैबिटेट बताते हुए यहां वन्यजीवों के हमले की आशंका जताई है। इसको लेकर पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर ने हेड वर्क्स खंड बाइफरकेशन के अधिशासी अभियंता को पत्र भेजा है।

कलीनगर तहसील क्षेत्र के बाइफरकेशन में चाहे गर्मी या फिर ठंड का मौसम लोगों का जमावाड़ा लगा रहता है। पीटीआर जाने वाले अधिकांश पर्यटक भी नहरों का जंक्शन कहे जाने वाले बाइफरकेशन में रुककर यहां की खूबसूरती को निहारने के लिए कुछ देर ठहरते जरुर है। ऐसे में यहां पर लोगों की भीड़ सी लगी रहती है। प्राय देखा गया है कि लोग बैराज के इधर-उधर नहाते, सेल्फी और फोटो लेते हुए नजर आते हैं। साथ ही इस बैराज के समीप दो दुकानें भी है। इससे भी लोगों की भीड़ यहां बनी रहती है, लेकिन अब यहां लोगों के लगने वाले जमावाड़ा पर रोक लग सकती है। पीलीभीत टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह ने वन क्षेत्र में स्थित इस बैराज में लोगों के डूबने और वन्यजीवों के हमले की आशंका जताते हुए हेड वर्क्स खंड बाइफरकेशन के अधिशासी अभियंता को पत्र भेजा है। भेजे गए पत्र में कहा गया है कि वल क्षेत्र स्थित बैराज पर वन्यजीवों की आवाजाही बनी रहती है। ऐसे में इस बैराज में लोगों के डूबने और वन्यजीवों के हमले की भी प्रबल संभावनाएं बनी रहती है। उन्होंने पत्र के माध्यम से अधिशासी अभियंता को कार्यरत कर्मचारियों को निर्देशित करने का आग्रह करते हुए कहा है कि कर्मचारी बाइफरकेशन बैराज पर आने वाले व्यक्तियों को वाहनों से न उतरने दें और न ही नहर या क्षेत्र में प्रवेश करने दें। सफारी वाहनों और पर्यटकों को न रुकने देने और संचालित की जा रही दुकानों पर भी आवश्यक कार्यवाही करने की बात कही है। ताकि कोई भी अप्रिय घटना से बचा जा सके और पर्यटन पर भी कोई प्रभाव न पड़े।

### ... तो इस वजह से लग सकती है रोक

पीलीभीत टाइगर रिजर्व आरक्षित वन है। बाइफरकेशन बैराज आरक्षित वन क्षेत्र के बीचोबीच स्थित है। डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह के मुताबिक यह क्षेत्र वन्यजीवों का क्रिटिकल हैबीटेट है। शाम या रात्रि में गश्त के दौरान इस बैराज से वन्यजीव एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में आते जाते रहते हैं। बैराज पर लोगों की मौजूदगी भी रहती है। ऐसी स्थिति में वन्यजीवों के हमले द्वारा कोई भी मानव क्षति या घटना हो सकती है।

> बाइफरकेशन बैराज आरक्षित वन क्षेत्र के अंतर्गत आता है। क्रिटिकल हैबीटेट होने के चलते वन्यजीवों की आवाजाही बनी रहती है। बैराज पर अकसर लोगों की भीड़ लगी रहती है। ऐसे में यहां वन्यजीव हमले की आशंका को देखते हुए हेड वर्क्स खंड बाइफरकेशन के अधिशासी अभियंता को पत्र भेजा गया है, ताकि कोई अप्रिय घटना से बचा जा सके। - **मनीष सिंह**, डिप्टी डायरेक्टर, पीटीआर

# जेल से बचने के लिए जिला बदर ने हवालात में किया ड्रामा

संवाददाता, पूरनपुर

- पुलिस ने उपचार के लिए सीएचसी में कराया भर्ती, ठीक होने पर फिर किया बंद

अमृत विचारः जेल जाने से बचने के लिए जिला बदर के आरोपी ने हवालात में तबीयत बिगड़ने का नाटक किया। पुलिस उसे उपचार के लिए अस्पताल ले गई। जांच पड़ताल में उसे कोई परेशानी नहीं निकली। प्राथमिक उपचार कराने के बाद पुलिस ने उसे फिर हवालात में बंद कर दिया।

नगर के मोहल्ला लाइन पर साहूकारा का रहने वाला मुन्ना पुत्र इकबाल जिला बदर किया गया था। उस पर गौकशी समेत अन्य कई आरोपों में 25 मुकदमे हैं। जिला बदर घोषित होने के बावजूद वह अपने घर में मौजूद था। सोमवार रात पुलिस ने उसे पकड़ लिया और कोतवाली लाकर हवालात में बंद कर दिया। मंगलवार सुबह अचानक हवालात में बंद मुन्ना ने पुलिस से तबियत बिगड़ने की बात कही। हवालात में ही वह बेहोशी का नाटक करने लगा। पेट में दर्द और उल्टी आने की बात कहने पर पुलिस के हाथ पांव फूल गए। उसे उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। डॉक्टर ने जांच पड़ताल की तो ब्लड प्रेशर हार्टबीट सब कुछ ठीक-ठाक निकाला। डॉक्टर ने उसका प्राथमिक उपचार किया। जानकारी लगते ही आरोपी मुन्ना के परिजन अस्पताल पहुंच गए और रोने बिलखने लगे। कुछ देर में परिजनों की भीड़ बढ़ने लगी। पुलिस उसे अस्पताल से कोतवाली ले गई और फिर हवालात में बंद कर दिया। बुधवार को आरोपी मुन्ना को कोर्ट में पेश किया जाएगा। कोतवाल संजीव कुमार शुक्ला ने बताया कि तबीयत खराब होने पर जिला बदल के आरोपी को अस्पताल भिजवाया गया। वहां सब कुछ ठीक-ठाक मिला। उससे पूछताछ की जा रही है।

# अस्पताल में युवती के साथ रंगरेलियां मना रहा था डॉक्टर

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

- युवती के परिजनों ने पकड़कर पुलिस को सौंपा
- मरीज बनकर अस्पताल पहुंच जाती थी युवती

अमृत विचारः नगर के एक निजी अस्पताल का संचालक युवती के साथ अस्पताल के चेम्बर में आपत्तिजनक स्थित में देखा गया, जिसे युवती के परिजनों ने पकड़कर कोतवाली पुलिस को सौंप दिया है।

नगर के विकास चौराहा स्थित एक अस्पताल संचालक युवती के साथ रंगरेलियां मना रहा था। बताते हैं कि युवती डॉक्टर के प्रेम जाल में फंस चुकी है और वह मरीज बनकर अस्पताल पहुंच जाती थी, जहां डॉक्टर की मर्जी चलती थी। युवती के अस्पताल पहुंच जाने की खबर युवती के परिजनों को लग गई। वह आनन-फानन में अस्पताल पहुंच गये और उन्होंने दोनों को आपत्तिजनक हालत में देख लिया। परिवार वालों ने डॉक्टर को पकड़कर कोतवाली पुलिस के हवाले कर दिया है। डॉक्टर युवती का यह कारनामा नगर में चर्चा का विषय बन गया है।

लोग बताते हैं कि यह निजी अस्पताल विकास चौराहे पर अवैध रूप से नर्सिंग होम के रूप में चलता है। कुछ दिन पूर्व अवैध अस्पतालों के खिलाफ छापामार कार्रवाई के चलते यह अस्पताल बंद हो गया था। संचालक शादीशुदा है और इसके बच्चे भी हैं। कोतवाल इन्द्रजीत सिंह और सीओ अजेंद्र यादव से जानकारी करने का प्रयास किया गया, पर दोनों अधिकारियों के फोन ही रिसीव नहीं हुए।

## किशोर ने फांसी लगाकर दे दी जान

मूड़ा सवारान, अमृत विचार : कोतवाली गोला क्षेत्र के गांव ताजपुर निवासी किशोर ने नीम के पेड़ से शर्ट के सहारे लटक कर जान दे दी है। मौके पर पहुंची मूड़ा सवारान चौकी पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

कोतवाली गोला एवं पुलिस चौकी मूड़ा सवारान क्षेत्र के गांव ताजपुर निवासी बहादुर गौतम का परिवार सोमवार को विवाह समारोह में शामिल होने अपने रिश्तेदारी में गांव छोटेलालपुर गया था। विवाह समारोह में अरूण गौतम (13) शराब के नशे में रात को अपने परिवार वालों के साथ किसी बात से खफा होकर वहां से चला गया। अरूण के नशे में होने के कारण परिजनों ने उसका ध्यान नहीं दिया। मंगलवार सुबह गांव छोटेलालपुर, दुर्गापुर के मध्य खेतों में गन्ना गुड़ाई करने गए मजदूरों ने अरुण का शव नीम के पेड़ से लटका देखा। मजदूरों ने इसकी सूचना गांव जाकर बताई तो पता चला कि अरुण अपने रिश्तेदारी में आया था। वहीं सूचना पर पहुंची मूड़ा सवारान चौकी पुलिस टीम ने शव को सीलकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भिजवा दिया।

# फर्जी अभिलेख बनाकर जमीन कराई नाम, विरोध पर धमकाया

संवाददाता, बीसलपुर

- पुलिस ने पहले की टालमटोल, अब कोर्ट के आदेश पर दर्ज की रिपोर्ट
- बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र का मामला, सात लोगों पर हुई कार्रवाई

अमृत विचारः कोर्ट के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज की है।

ग्राम जसोली दिवाली के रहने वाले रामकिशोर ने बताया कि वह अशिक्षित हैं। उसके चचेरे बाबा स्वर्गीय झाझन लाल के कोई बच्चा नहीं था। उनके नाम एक खेत था। जिसे उन्होंने 16 सितंबर 1989 को की गई वसीयत में मैकूलाल व छोटेलाल खानदानी भाई के नाम कर दिया था। तभी से छदम्मी लाल व छोटेलाल खेत में फसल उगाकर बोते काटते चले आ रहे हैं। इसके पश्चात ग्राम गांगूपुर के दीनदयाल, जगदीश व धर्मवीर ने फर्जी जन्म मृत्यु पंजिका परिवार रजिस्टर तत्कालीन ग्राम प्रधान की मदद से तैयार करा लिया। कई अन्य फर्जी दस्तावेज भी बनवा लिए। इसके बाद एक वसीयत तैयार कर जमीन अपने नाम करा ली। बर्रामऊ के रहने वाले सोमपाल व राम बहादुर के नाम भी इसके बाद जमीन करा दी गई। जिसका खंडन स्वर्गीय झाझन लाल की पत्नी स्वर्गीय चुनो देवी ने कर दिया था। आरोपियों ने बीसलपुर के व्यापारी पंकज अग्रवाल, सौरव अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, व मनोज गोयल के नाम जमीन करा दी और कब्जा लेने का प्रयास किया। नौ जनवरी 2024 को कोतवाली में शिकायत की गई। इस पर पीड़ित को घेरकर मारपीट की गई। पुलिस के कार्रवाई न करने पर न्यायालय की शरण ली। अब कोर्ट के आदेश पर मामले में धोखाधड़ी, मारपीट और धमकाने की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# नुकसान से बचना है तो किसान करा लें बीमा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- खरीफ फसलों को लेकर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना आवेदन की प्रक्रिया शुरू
- धान फसल के नुकसान पर प्रति हेक्टेयर 1,02,900 रुपये मिलेगी बीमित राशि

अमृत विचारः जिले में खरीफ फसलों की बुवाई के साथ ही प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। गैर ऋणी किसान बीमित राशि का दो प्रतिशत प्रीमियम प्रति हेक्टेयर अदा कर बीमा करा सकते हैं। धान फसल के नुकसान पर प्रति हेक्टेयर 1,02,900 रुपये बीमित राशि मिलेगी।

उप निदेशक कृषि ने जिला कृषि अधिकारी को खाद एवं बीज विक्रेताओं के माध्यम से फसल बीमा योजना के प्रति किसानों को जागरुक करने के निर्देश दिए हैं।

केंद्र सरकार फसलों को आपदा से होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना चला रही है। इसमें फसलों की क्षति होने पर बीमित किसानों को 72 घंटे के अंदर व्यक्तिगत दावा बीमा कंपनी को प्रस्तुत करना होगा। व्यक्तिगत दावे में किसान को अपनी ग्राम पंचायत, प्रभावित खेत का खसरा नंबर, फसल और प्रभावित क्षेत्र का विवरण देना होगा। इसके बाद सूचना प्राप्त होने पर कंपनी 48 घंटे में व्यक्तिगत आधार पर क्षति के आकलन के लिए सर्वेयर को भेजेगी।

नुकसान के आधार पर क्लेम का भुगतान किया जाएगा। उपनिदेशक कृषि संतोष कुमार सविता ने बताया कि खरीफ फसल को लेकर फसल बीमा की आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। गैर ऋणी किसान बीमा के लिए खतौनी, आधार कार्ड, मोबाइल नंबर, बचत खाता पासबुक की छायाप्रति, स्वयं का घोषणा पत्र, फसल बोए जाने का घोषणा पत्र जमा कराएं।

ऋणी किसानों को बीमा में शामिल न होने के संबंध में प्रार्थना पत्र संबंधित बैंक को बीमा की अंतिम तिथि से सात दिन पूर्व देना अनिवार्य है। ऐसे किसान बीमा में तभी शामिल हो सकते हैं जब वह अपना प्रार्थना पत्र पुनः बीमा में शामिल होने के लिए देंगे। किसानों को फसल बीमा के प्रति जागरुक करने के लिए अफसरों को निर्देशित किया गया है।

> खरीफ सीजन को लेकर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत धान फसल का बीमा कराने के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। किसान फसल बीमा संबंधित बैंक शाखा, जनसेवा केंद्र जाकर करा सकते हैं। - **संतोष कुमार** सविता, उप निदेशक कृषि

# बेहोशी की हालत में मिले नेपाली समेत दो युवक, अस्पताल में मौत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- तिलहर में चौकीदारी करता था नगरिया में मिला अर्जुन, चार दिन पूर्व ही नेपाल से आया था
- कटरा बस अड्डे के पास मिला गांव सुल्तानपुर निवासी शैलेष, पीएम रिपोर्ट से होगा खुलासा

अमृत विचारः तिलहर और कटरा क्षेत्र में नेपाली युवक समेत दो लोग बेहोशी की हालत में मिले। दोनों को मेडिकल कॉलेज लाया गया। जहां इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

नेपाल के दोहटी के गांव लड़खड़ा के रहने वाला 30 साल का अर्जुन तिलहर कस्बा में चौकीदारी करता था। वह चार दिन पूर्व बच्चों को छोड़कर नेपाल से तिलहर आया था। जानकारी के मुताबिक नेशनल हाईवे पर सोमवार की शाम पांच बजे अर्जुन नगरिया मोड़ पर बेहोशी की हालत में पड़ा था। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने इसकी सूचना उसके परिजनों को दी। मौत की खबर सुनकर नेपाल से परिवार वाले यहां आए। जिसके बाद पुलिस ने पंचनामा भरा और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक विशन प्रताप सिंह ने बताया कि मृतक चौकीदारी करता था। उसके शरीर में चोट के निशान नहीं थे। वह शराब का आदी था।

उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा। आशंका व्यक्त की जा रही है कि उसकी हार्ट अटैक से मौत हुई होगी। कटरा थाना क्षेत्र के गांव सुल्तानपुर निवासी शैलेष कुमार (30) सोमवार की सुबह दस बजे घर से निकला था। वह बेहोशी की हालत में कटरा बस अड्डे पर दोपहर एक बजे मिला था। परिवार वाले खबर सुनकर पहुंचे और सीएचसी पर लेकर आए। डॉक्टर ने बरेली के लिए रेफर कर दिया।

बरेली में एक अस्पताल में इलाज के दौरान रात उसकी मौत हो गई। परिवार वाले शव लेकर कटरा आए और थाने पर सूचना दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पिता जगदीश ने बताया कि उसके बेटे को मिर्गी आदि की दौरे पड़ते थे और उसका इलाज चल रहा था। उसके शरीर में चोट के निशान नहीं थे। आशंका व्यक्त की जा रही है कि उसकी हार्ट अटैक से मौत हुई होगी। थाना प्रभारी गौरव त्यागी ने बताया कि पीएम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा। पत्नी श्वेता का रो-रोकर हाल बेहाल है

## अस्पताल में भर्ती मरीज के गायब होने से खलबली

लखीमपुर खीरी, अमृत विचारः जिला अस्पताल से भर्ती मरीजों के गायब होने का सिलसिला नहीं थम रहा है। मंगलवार को मरीज फिर से लापता हो गया। जबकि एक दिन पहले अस्पताल से गायब हुआ मरीज पास के एक गांव में मिल गया था। मोतीपुर स्थित जिला अस्पताल में गत 48 घंटे में दो मरीज गायब हो गए। हालांकि एक मरीज सुबह पास के ही एक गांव में आराम फरमाता मिला। मगर, दूसरे गायब मरीज का 36 घंटे बाद भी सुराख नहीं मिला है। इससे परिजनों में खलबली मची है। शहर के मोहल्ला हाथीपुर निवासी सलमा ने बताया कि तबियत खराब होने पर तीन दिन पहले पति आजाद को जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया था। सोमवार की शाम बेटे के साथ अस्पताल के बाहर आए। इस दौरान बेटा कुछ देर के लिए उनसे दूर हुआ।

# छात्रा को छेड़ रहे शोहदे की पिटाई कर पुलिस को सौंपा

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- नहर पटरी से होते हुए स्कूल जा रही थी छात्रा

अमृत विचारः स्कूल पढ़ने जा रही एक छात्रा को मंगलवार की सुबह एक शोहदे ने नहर पटरी पर रोक लिया और उससे छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर आरोप उसे जान से मारने की धमकी देने लगा। परेशान छात्रा के शोर मचाने पर आसपास के लोगों ने आरोपी को घेर र पकड़ लिया और उसकी जमकर पिटाई की। बाद में उसे सदर कोतवाली पुलिस को सौंप दिया। पीड़ित छात्रा ने आरोपी के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

शहर की एक 16 वर्षीय किशोरी इंटरमीडिएट की छात्रा है। वह रोज की तरह नहर पटरी से होते हुए मंगलवार की सुबह स्कूल जा रही थी। सुबह करीब आठ बजे पीछा करते हुए जा रहे शोहदे ने मौका देखकर छात्रा को दबोच लिया और छेड़छाड़ करने लगा। छात्रा के विरोध करने पर उसे थप्पड़ भी जड़ दिए। छात्रा के शोर मचाने और शोहदे की हरकत को देख कर तमाम लोग दौड़ पड़े और आरोपी को घेर कर पकड़ लिया। आक्रोशित लोगों ने पहले आरोपी की जमकर पिटाई की।

छात्रा की सूचना पर परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए। बाद में आरोपी को पकड़कर कोतवाली लाए और पुलिस को सौंप दिया। पीड़ित छात्रा ने सदर कोतवाली पुलिस को तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। प्रभारी निरीक्षक सदर अंबर सिंह ने बताया कि आरोपी पुलिस की हिरासत में है। छात्रा ने तहरीर दी है। जांच चल रही है। रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप

### समर कैंप में बच्चों ने सीखा अनुलोम - विलोम



**पीलीभीत।** स्प्रिंगडेल कॉलेज में चल रहे समर कैंप में दूसरे दिन मंगलवार को बच्चों ने योगा क्लास में प्राप्त स्मरण मंत्र, ओंकार – ध्वनि, अनुलोम – विलोम, मंडूकासन आदि सीखा। जिमनास्टिक की क्लास में विद्यार्थियों ने फ्रंट रोल, बैक रोल, स्ट्रेचिंग आदि सीखी। तैराकी की क्लास में तैराकी के हुनर सीखे। कला की क्लास में अंकों द्वारा बहुत ही सरल विधि से विभिन्न आकृतियां बनाना सीखा। डांस क्लास में बच्चों ने बापू सेहत के लिए गाने पर डांस सीखा। नेत्र परीक्षण शिविर में बच्चों की आंखों का परीक्षण करवाया गया। जिसमें डा. विकास अग्रवाल ने बच्चों की आंखों का परीक्षण किया। उन्होंने बच्चों को पौष्टिक आहार अपने भोजन में शामिल करने को कहा। इस मौके पर दृष्णया, अनुष्का, जिगर, हनैन, यश, चेतन, साक्षी, ओजस्वी, अक्षत, शिवांश, शरद, शौर्य, शुभ, काव्या, रश्मि, आस्था, समायरा, हर्शिका, जुनैना, आरम्य आदित्य, विनम्, रूद्राक्ष, वैभव, एकाग्रता, उर्वशी, दक्षपाल, सूर्यांश, त्रिशा, गौरी, अंश पटेल आदि का प्रयास सराहनीय रहा। प्रधानाचार्या प्रिया आनन्द ने उत्साहवर्धन करते हुए बच्चों के कार्य की प्रशंसा की।

### घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़, शोर मचाने पर भागा

**शाहजहांपुर।** कांट थाना क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने बताया कि गांव के शोभित का उसके घर पर आना जाना था। पड़ोसी होने के कारण उस पर शक नहीं करते थे। चार दिन पूर्व वह शाम को वह घर पर नहीं था। उसकी पत्नी घर पर थी। आरोप है कि शाम आठ बजे आरोपी उसके घर में आया और उसकी पत्नी के साथ छेड़छाड़ करने लगा। उसकी पत्नी ने शोर मचाया तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। वह देर रात घर पर आया तो उसकी पत्नी घटना से अवगत कराया। वह आरोपी के घर शिकायत करने के लिए गया तो आरोपी के परिवार झगड़ा करने के लिए उतारू हो गए और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी शोभित, बलवीर, करन के खिलाफ छेड़छाड़ आदि की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

### गाली-गलौज का विरोध करने पर दंपती को पीटा

**मिर्जापुर।** थाना क्षेत्र के तारापुर बड़ा निवासी पिंटू ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि सोमवार शाम को वह दिल्ली जाने की तैयारी कर रहा था। गांव के वीपी, अंकित, धीरज व कल्लू आकर गाली–गलौज करने लगे। गालियां देने से मना करने पर लाठी डंडे से पीटने लगे। बचाने आई पत्नी अर्चना को भी नही बख्शा और उसे गिराकर लात घूसों से मारा–पीटा।

### अध्यापिका से छेड़छाड़

**शाहजहांपुर।** जैतीपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की अध्यापिका ने बताया कि कस्बा में एक प्राइवेट स्कूल में टीचर है। उसका आरोप है कि गांव दीपक स्कूल आते और जाते समय छेड़छाड़ करता है। चार दिन पूर्व सुबह स्कूल पढ़ाने के लिए जा रही थी। रास्ते में आरोपी ने उसके साथ छेड़छाड़ करने लगे। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने आरोपी दीपक के खिलाफ छेड़छाड़ की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### जिसे पीटा उसका चालान, आरोपियों को अभयदान

**लखीमपुर खीरी।** पलिया के मोहल्ला बाजार प्रथम निवासी राहुल गुप्ता ने बताया कि सोमवार की शाम राहुल गुप्ता निर्मल गुप्ता के साथ बनगवां मंडी से पलिया आ रहा था। बस में मौजूद पलिया के मोहल्ला टेहरा शहरी निवासी रवि शुक्ला से सीट को लेकर विवाद हो गया। आरोपी ने फोन कर अपने अन्य साथियों को बुला लिया। बाइकों और कारों से सवार होकर आए कई लोगों ने वैश्य धर्मशाला के पास रोक ली और उसे व उसके साथी की जमकर पिटाई करने लगे। इसी बीच राहुल का छोटा भाई कुनाल गुप्ता व भतीजा उज्जवल गुप्ता भी मौके पर पहुंच गए।

# छात्रा की मौत मामले में दो युवक हिरासत में लिए

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- तीसरे की तलाश जारी, दोनों युवकों से पुलिस कर रही पूछताछ
- रेलवे ट्रैक किनारे छात्रा के मिले शव का मामला

अमृत विचारः कोतवाली सदर पुलिस ने छात्रा की संदिग्ध हालात में हुई मौत के मामले में उसके साथ देखे गए तीन युवकों में से दो युवकों को मंगलवार को हिरासत में लिया है। पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है। तीसरे आरोपी की भी पुलिस ने तलाश तेज कर दी है।

शहर के मोहल्ला फत्तेपुर सैधरी निवासी राजेश अवस्थी की पुत्री काव्या अवस्थी कक्षा 11 की छात्रा थी। वह सोमवार की सुबह करीब साढ़े सात बजे स्कूल जाने की बात कहकर घर से निकली थी। पहर करीब एक बजे उसका शव मोहल्ला शांति नगर में रेलवे लाइन के निकट तालाब के किनारे पड़ा देखा गया। उसके सिर पर चोट के गहरे निशान थे।

छात्रा घटना से कुछ देर पहले तीन युवकों के साथ रेलवे ट्रैक के किनारे आते पैदल दिखाई दी थी। कुछ लोगों का कहना था कि युवक छात्रा का फोन भी ले गए हैं। इस पर पुलिस छानबीन में जुट गई। कोतवाली पुलिस ने छात्रा के साथ देखे गए युवकों में से दो युवकों को हिरासत में लिया, जबकि तीसरे की पुलिस तलाश कर रही है। पुलिस हिरासत में लिए गए दोनों युवकों से पूछताछ कर रही है। उधर मंगलवार को छात्रा के शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव दजब उसके घर पहुंचा तो परिवार में चीख पुकार मच गई। परिवार वालों ने गमगीन माहौल में शव का अंतिम संस्कार कर दिया है।

# फाइनेंस कंपनी के एजेंट से 1.60 लाख की लूट

संवाददाता, सेहरामऊ दक्षिणी/शाहजहांपुर


एजेंट पवन तिवारी व मैनेजर सिद्धार्थ पांडेय।

- बाइक के आगे लहराई बाइक, धीमी होते ही तमंचा दिखा रुपयों से भरा बैग छीन ले गए युवक
- बाइक सवार तीन बदमाशों ने दिया घटना को अंजाम, सेहरामऊ थाने पहुंचे एसपी, सीओ सदर

अमृत विचारः एक फाइनेंस कंपनी के कलेक्शन एजेंट से बाइक सवार तीन बदमाशों ने तमंचे दिखा 1.60 लाख रुपये लूट लिए। घटना के बाद पुलिस में हड़कंप कप मच गया। पुलिस पहले तो घटना को छिपाती रही लेकिन मीडिया कर्मियों को मामले की जानकारी हो गई। इसके बाद शाम को एसपी सीओ सदर के साथ थाने पहुंचे और जानकारी कर घटना का जल्द खुलासा करने के निर्देश दिए।

कन्नौज के ढकिया इनायतपुर निवासी पवन तिवारी शहर में भारत फाइनेंसियल इंक्लूजन लिमिटेड फाइनेंस कंपनी में कलेक्शन एजेंट के तौर पर कार्यरत है। वह मंगलवार सुबह वह बाइक से मैनेजर सिद्धार्थ पांडेय के साथ कलेक्शन करने निकल गया। बाइक सिद्धार्थ चला रहा था और पवन तिवारी रुपयों से भरा बैग पकड़े पीछे बैठे था। दोपहर करीब 12:30 बजे दोनों लोग कांट क्षेत्र के गांव मुड़िगवां से कलेक्शन करके थाना सेहरामऊ दक्षिणी के गांव पंचौली पहुंच रहे थे। कच्चे संपर्क मार्ग से होते हुए दोनों लोग मंसूरपुर मनगढ़वा गांव के पास पहुंचे, तभी एक बाइक पर सवार तीन लोग आ गए और अपनी बाइक सिद्धार्थ की बाइक के आगे लहरा दी, एक्सीडेंट होने के डर से सिद्धार्थ ने बाइक धीमी कर ली, तभी बाइक सवार बदमाशों ने अपनी बाइक रोकी और तमंचा निकालकर सिद्धार्थ पर तान दिया। डर की वजह से सिद्धार्थ ने बाइक रोक दी, इतने में एक बदमाश ने पवन के हाथ में रुपयों से भरा बैग छीन लिया और लेकर भाग गए। बैग में 1.60 लाख रुपये की रकम थी। घटना के बाद मामले की सूचना सेहरामऊ दक्षिणी थाने पर दी गई।

> अभी मामले की छानबीन की जा रही है, लुटेरों की सुरागरसी भी की जा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा कर दिया जाएगा। - **रोहित सिंह**, थानाध्यक्ष सेहरामऊ दक्षिणी

### दबाने के प्रयास में जुटी पुलिस, खबर फैली तो दी अधिकारी को जानकारी

दिनदहाड़े लूट की हुई घटना से पुलिस में हड़कंप मच गया। पुलिस इसे दबाने की कोशिश में जुट गई। मीडिया तक खबर पहुंच गई। अधिकारियों से जानकारी लेने के लिए जब लोगों के फोन पहुंचने लगे तो मीडिया कर्मियों से ना नुकर करने वाली पुलिस ने तुरंत सूचना एसपी अशोक कुमार मीणा को दी।

वह देर शाम सीओ सदर अमित चौरसिया के साथ सेहरामऊ दक्षिणी थाने पहुंचे और पीड़ितों से जानकारी ली। इसके बाद घटना का खुलासा करने के लिए थाना पुलिस को निर्देश दिए। पुलिस ने फाइनेंस कंपनी के पीड़ित कर्मचारियों से लगभग एक घंटे तक जानकारी की ताकि लुटेरों का कुछ सुराग लग सके।

